(d) the number of one roomed and two roomed units ; and

(e) the average covered space given to each of such units including baths and verandah ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF WORKS, HOUSING AND SUPPLY (SHRI IQBAL SINGH) : (a) 29,375 sq. ft.×6 or 1,76,250 sq. ft. in six floors.

(b) 29,375 sq, ft. (Ground floor).

(c) 40,375 sq. ft.

(d) Single-roomed units —108
Double-roomed units —36

(e) Single-roomed unit—675.81 sq. ft: on the ground floor and 692.81 sq. ft. on other floors.

Double-roomed unit—893.89 sq. ft. on the ground floor and 1,010.88 sq. ft. on the other floors.

यमुना बाजार, दिल्ली में झुग्गी निवासियों का हटाया जाना

7085. **श्री रामावतार शास्त्री :**
श्री नन्द कुमार सोमानी :
श्री अमरसे :
श्री लोबो प्रभु :
श्री गार्डिलिगन गौड :

क्या **निर्माण, आवास तथा पूर्ति** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) यमुना बाजार के कितने झुग्गी-झोंपड़ी निवासियों कोसीमापुरी में बसाया गया है;

(ख) क्या यह भी सच है कि भूतपूर्व प्रधान मन्त्री जवाहर लाल नेहरू ने 1956 में जब उन्होंने यमुना बाजार का दौरा किया था इन लोगों को आश्वसान दिया था कि यदि इन लोगों को इस जगह से हटाया गया तो उन्हें इस स्थान से तीन मील से अधिक दूरी वाले स्थान पर नहीं बसाया जायेगा;

(ग) क्या यह भी सच है कि वर्तमान निर्माण, आवास तथा पूर्ति उपमंत्री ने भी यमुना बाजार के झुग्गी-झोंपड़ी निवासियों को यही आश्वासन दिया था; और

(घ) यदि हां, तो उन्हें जंगल जैसे स्थान पर जो यमुना बाजार से 7 मील दूर हैं बसाने के क्या कारण हैं ?

निर्माण, आवास तथा पूर्ति मंत्रालय में उपमंत्री (श्री इकबाल सिंह) : (क) लगभग 3500 परिवार ।

(ख) स्वर्गीय प्रधान मंत्री श्री जवाहर लाल नेहरू ने यमुना बाजार क्षेत्र 7 मई, 1957 को देखा था। इस निरीक्षण के बाद यह निर्णय किया गया था कि यमुना बाजार गंदी बस्ती क्षेत्र को पूर्णरूप से साफ़ कर दिया जाये तथा इस क्षेत्र में टेंनमेंट अथवा कोई अन्य निर्माण वांछनीय नहीं था। तथापि यह अनुभव किया गया कि 1957 में इस क्षेत्र में रहने वाले लगभग 2600 परिवारों में से 25 प्रतिशत को बगैर उनकी जीविका को अस्तव्यस्त किये इस क्षेत्र से दूर नहीं हटाया जा सकता। अतएव उन्हें उचित दूरी पर वैकल्पिक वास दिया जाना चाहिए। इसके विपरीत यमुना बाजार क्षेत्र के 1000 परिवारों से अधिक को किलोकरी, झिलमिल, तहरीपुर तथा जंगपुरा में वैकल्पिक वास दिया गया।

(ग) जी नहीं।

(घ) प्रश्न के भाग (ख) तथा (ग) को ध्यान में रखते हुए प्रश्न ही नहीं उठता।

गंडक परियोजना

7086. **श्री रामावतार शास्त्री : क्या सिंचाई और विद्युत** मंत्री 1 अप्रैल, 1968 के तारांकित प्रश्न संख्या 983 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गण्डक परियोजना को पूरा करने के लिये सरकार का विचार कितनी वित्तीय सहायता देने का है; और

(ख) इस पर कुल कितना खर्च आने का अनुमान है ?

सिंचाई तथा विद्युत मन्त्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) और (ख).